52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 21.7 °c | अधिकतम 33.5 °c

**अमृतवाणी**

किसी को हरा देना बहुत आसान है, लेकिन किसी को जीतना बहुत मुश्किल।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:17 सूर्यास्त : 5:56 | वर्ष : 52/ अंक : 280 | बुधवार, 09 अक्टूबर 2024 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

हमें हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे स्वीकार नहीं हैं : जयराम रमेश



जीते हुए कांग्रेसी विधायकों से इस्तीफा न दिलवा देना.......

# भाजपाईयों की इज्जत लगातार तार-तार, एक और बेइज्जती का मिला उपहार

**मुजफ्फरनगर, 8 अक्टूबर (बु.)।** पिछले छह वर्ष के कार्यकाल में भाजपाइयों की 7 से अधिक बार अधिकारी किसी न किसी रूप में बेइज्जती करते ही रहते हैं। कभी शुक्रताल में उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायकों को यह कह दिया जाता है कि आपका लिस्ट में नाम ही नहीं है, तो कभी थानों में थानेदार यह कह देते हैं कि होंगे भाजपाई, हम नहीं जानते मगर मंगलवार को तो खाद्य विभाग के एक अधिकारी ने सारी सीमाएं लांघ दी। एक भाजपा नेता को धक्का देते हुए उसे दफ्तार से बाहर धकेलने की कोशिश की, उक्त भाजपा नेता कोई गली मौहल्ले का मंत्री नहीं है, बल्कि अनुसूचित मोर्चे के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ है। वीडियो में जिस तरह की बदतमीजी अधिकारी द्वारा की जा रही है, उससे आसानी से पता लग रहा है कि अब भाजपाइयों की वैल्यू अधिकारियों की निगाह में शायद दो टके की भी नहीं रह गयी है। बात करते करते खाद्य कार्यालय में एआरओ की पोस्ट पर बैठे साहब ने अनुसूचित मोर्चे के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ को सीधा कह डाला कि आज से पहले तो मैंने आपकी शक्ल ही नहीं देखी, तो कैसे मान लूं कि तुम भाजपाई हो। इतना ही नहीं अधिकारी ने यह भी कहा कि तुम क्या मेरे साथ मारपीट करने आए हो, चलो मैं ही तुम्हारे घर चलता हूं। अपनी बेइज्जती कराने के बाद अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अपना सा मुंह लेकर वापस लौट आए और वापस लौटने के बाद भाजपा के मंत्रियों के सामने खुद को न्याय दिलाने की गुहार लगाई। अब इन्हें क्या न्याय मिलता है यह तो भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी ही जानें मगर अपने ही शासन में भाजपाइयों की इज्जत लगातार तार-तार होती दिखाई पड़ती है और भाजपा के वरिष्ठ नेता अपने ही लोगों की कमी बताकर सुलह करा देते हैं।

## राशन की दुकान के सम्बंध में बात करने गए थे राजकुमार सिद्धार्थ

**मुजफ्फरनगर।** दरअसल मंगलवार को अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ राशन की दुकानों के सम्बंध में बातचीत करने हेतु एआरओ कार्यालय पहुंचे थे। आरोप है कि एआरओ से उनकी पैसे के लेन देन को लेकर कहासुनी हुई और जब पैसों की लेन-देन की बात नहीं बनी तो एआरओ उखड़ गए और बातचीत करते करते अपनी कुर्सी से उठे और राजकुमार सिद्धार्थ का हाथ पकड़कर झटकने लगे। एक बार के लिए तो ऐसा लगा कि जैसे एआरओ राजकुमार सिद्धार्थ पर हाथ ही उठाने वाले हैं, मगर उन्होंने अपने ऊपर एकाएक कंट्रोल कर लिया। बाद में राजकुमार सिद्धार्थ के साथ गए कार्यकर्ताओं ने एआरओ को अपनी कुर्सी पर बैठ जाने को कहा और उन्हें समझाया कि तहजीब के दायरे में बात करें। कुछ देर बाद भाजपाई अपना सा मुंह लेकर कार्यालय से वापस आ गए।



## माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति

**।।कालरात्रि।।**



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।

शेष : पृष्ठ-4 पर

## हरियाणा के चुनावी महाभारत में भाजपा तीसरी बार विजयी

**नयी दिल्ली 08 अक्टूबर (वार्ता)** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के चुनावी महाभारत में सत्ता विरोधी लहर को लेकर राजनीतिक पंडितों के अनुमानों को धत्ता बताते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। पिछली बार राज्य में गठबंधन की सरकार चलाने वाली भाजपा ने 90 सदस्यीय विधानसभा में इस बार अपने बलबूते स्पष्ट बहुमत हासिल कर दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी के मुख्य विपक्षी कांग्रेस के मंसूबों पर पानी फेर दिया। आमने सामने की जोरदार टक्कर में भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी है और अब तक प्राप्त नतीजों में भाजपा 48 सीट जीतकर सबसे आगे है, कांग्रेस को 36 सीटों पर जीत मिली है। बताया जा रहा है सीएम नायब सिंह सैनी 12 अक्तूबर को शपथ ले सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सीएम सैनी से बातचीत भी की।

**हरियाणा चुनाव नतीजे**

| पार्टी | जीते | (+/-) | 2019 |
|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 48 | 48(7) | 41 |
| कांग्रेस+ | 37 | 37(6) | 31 |
| जजपा+ | 00 | 0(10) | 10 |
| इनेलो+ | 02 | 2(1) | 01 |
| अन्य- | 03 | 04 | 07 |















